# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

| | |
|---|---|
| Test Date | 09/05/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC UnderGraduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Mathematics**

**Q.1** यदि 9 नोटबुक की कीमत ₹135 है, तो उसी प्रकार की 20 नोटबुक की कीमत कितनी होगी?

**Ans**
✗ A. ₹270
✗ B. ₹280
✗ C. ₹320
✔ D. ₹300

**Q.2** यदि p एक अभाज्य संख्या है और महत्तम समापवर्तक (GCD), $(p^2-1, p^2+1) = 2$ है, तो p का मान क्या होना चाहिए?

**Ans**
✗ A. केवल 3
✔ B. कोई भी विषम अभाज्य संख्या
✗ C. केवल 2
✗ D. कोई भी अभाज्य संख्या

**Q.3** पांच वर्ष पूर्व, कविता की आयु उसकी माता की वर्तमान आयु की एक तिहाई थी। पांच वर्ष बाद, उनकी आयु का योग 75 वर्ष होगा। कविता की वर्तमान आयु क्या है?

**Ans**
✗ A. 23 वर्ष
✔ B. 20 वर्ष
✗ C. 21 वर्ष
✗ D. 22 वर्ष

**Q.4** किसी कार्य पर 40 व्यक्ति एक साथ कार्य करना शुरू करते हैं। लेकिन कुछ दिन बाद, 10 व्यक्ति कार्य छोड़कर चले जाते हैं। परिणामस्वरूप, जो कार्य 50 दिन में पूरा होना चाहिए था, वह 60 दिन में पूरा होता है। कार्य शुरू होने के कितने दिन बाद, वे 10 व्यक्ति कार्य छोड़कर चले गए?

**Ans**
✔ A. 20
✗ B. 18
✗ C. 22
✗ D. 15

**Q.5** एक निश्चित कपड़े की कीमत, दी गई चौड़ाई के लिए उसकी लंबाई के अनुक्रमानुपाती है। यदि 8 मीटर कपड़े की कीमत ₹3,200 है, तो उसी 25 मीटर कपड़े की कीमत क्या होगी?

**Ans**
✗ A. ₹9,600
✗ B. ₹9,400
✔ C. ₹10,000
✗ D. ₹9,800

Q.6 किसी वस्तु के मूल्य में 24% की कमी की जाती है लेकिन उस वस्तु की दैनिक बिक्री में 33% की वृद्धि होती है। दैनिक बिक्री प्राप्तियों पर शुद्ध प्रभाव ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 1.08% वृद्धि
- ✗ B. 1.08% कमी
- ✗ C. 2.16% कमी
- ✗ D. 2.16% वृद्धि

Q.7 एक समांतर चतुर्भुज में दो आसन्न कोणों का अंतर 40° है। छोटे कोण का माप ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 80°
- ✗ B. 60°
- ✔ C. 70°
- ✗ D. 50°

Q.8 $(\cos^2 67° - \sin^2 23°) + 4 \cos 30°$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $5\sqrt{2}$
- ✔ B. $2\sqrt{3}$
- ✗ C. $3\sqrt{2}$
- ✗ D. $\sqrt{3}$

Q.9 एक ठोस लंब वृत्तीय बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल $1408\pi\ cm^2$ है। यदि बेलन का आयतन अधिकतम है, तो त्रिज्या और ऊँचाई का अनुपात क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 2:1
- ✗ B. 1:3
- ✗ C. 1:4
- ✔ D. 1:2

Q.10 $18 - [6 \times 2 - (3 + 1)] + 7$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✔ A. 17
- ✗ B. 15
- ✗ C. 19
- ✗ D. 21

Q.11 दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 18 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 18 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोल दिए जाएं, तो खाली टंकी को एक-चौथाई भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 4
- ✗ C. 3
- ✔ D. 1

Q.12 एक फिटनेस पार्क में, एक सीधी पैदल पथ को तीन लगातार खंडों में विभाजित किया गया है। पहले और तीसरे खंड की लंबाई क्रमशः 18 m और 50 m है। यदि मध्य खंड की लंबाई, अन्य दो खंडों की लंबाई के बीच माध्यानुपाती है, तो उसकी लंबाई कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. 36 m
- ✔ B. 30 m
- ✗ C. 27 m
- ✗ D. 25 m

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.13** सारंग ने एक निश्चित धनराशि को 10% वार्षिक ब्याज दर से निवेश किया। 2 वर्ष बाद, उसे चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में ₹178.5 प्राप्त हुए, जहाँ ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। समान ब्याज दर से 2 वर्षों के लिए संगत साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 170
- ✗ B. 165
- ✗ C. 185
- ✗ D. 180

**Q.14** दो धनात्मक संख्याओं का योगफल 77 है और उनका गुणनफल 1392 है। उनके बीच का धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 21
- ✗ B. 24
- ✗ C. 37
- ✔ D. 19

**Q.15** दो ट्रेनें, X और Y, दिल्ली और मुंबई से एक ही समय पर एक-दूसरे की ओर चलना शुरू करती हैं। मिलने के बाद, ट्रेन X को मुंबई पहुँचने में 6 घंटे और ट्रेन Y को दिल्ली पहुँचने में 8 घंटे लगते हैं। यदि ट्रेन X की चाल 60 km/h है, तो ट्रेन Y की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $30\sqrt{2}$ km/h
- ✗ B. $28\sqrt{2}$ km/h
- ✔ C. $30\sqrt{3}$ km/h
- ✗ D. $28\sqrt{3}$ km/h

**Q.16** m का वह मान ज्ञात कीजिए, जो निम्नलिखित को संतुष्ट करता हो:

$$\left(\frac{23}{5}\right)^{13} \times \left(\frac{5}{23}\right)^{9} \times \left(\frac{23}{5}\right)^{5} = \left(\frac{5}{23}\right)^{6m+9}$$

Ans
- ✗ A. $5$
- ✔ B. $-3$
- ✗ C. $4$
- ✗ D. $11$

**Q.17** कोई धनराशि वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 3 वर्षों में ₹19,360 हो जाती है। अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज (₹ में) कितना होगा?
(अपने उत्तर को निकटतम पैसे तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
- ✗ A. ₹4914.55
- ✗ B. ₹4714.55
- ✗ C. ₹4614.55
- ✔ D. ₹4814.55

**Q.18** एक कार 3 घंटे में 180 km की दूरी तय करती है। उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 50 km/h
- ✗ B. 70 km/h
- ✗ C. 80 km/h
- ✔ D. 60 km/h

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.19 किसी वस्तु की कीमत में प्रति वर्ष एकांतर क्रम में 20% की दर से वृद्धि और कमी होती है। यदि दूसरे और तीसरे वर्ष के अंत में कीमतों के बीच अंतर ₹1,920 है, तो पहले वर्ष के अंत में वस्तु की कीमत का 40% (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. ₹4,800
- ✘ B. ₹3,200
- ✘ C. ₹3,600
- ✘ D. ₹2,400

Q.20 निम्नलिखित बंटन का बहुलक ज्ञात कीजिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वर्ग | 5-15 | 15-25 | 25-35 | 35-45 |
| बारंबारता | 6 | 14 | 18 | 12 |

Ans
- ✘ A. 28
- ✘ B. 26
- ✔ C. 29
- ✘ D. 30

Q.21 अमन और राज किसी व्यवसाय में क्रमशः ₹12,000 और ₹18,000 निवेश करते हैं। एक वर्ष बाद, उन्हें ₹15,000 का लाभ प्राप्त होता है। प्रत्येक को कितना लाभ प्राप्त होगा?

Ans
- ✘ A. अमन: ₹7,500, राज: ₹7,500
- ✘ B. अमन: ₹5,000, राज: ₹10,000
- ✔ C. अमन: ₹6,000, राज: ₹9,000
- ✘ D. अमन: ₹8,000, राज: ₹7,000

Q.22 तीन संख्याएँ 5 : 14 : 9 के अनुपात में हैं, और उनका LCM 7560 है। उनका HCF कितना है?

Ans
- ✔ A. 12
- ✘ B. 53
- ✘ C. 11
- ✘ D. 32

Q.23 एक बेलनाकार टैंक की त्रिज्या 7 m और ऊँचाई 11 m है। इसमें कितना लीटर जल भरा जा सकता है? (π = 22/7 का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✘ A. 16,74,000
- ✘ B. 16,64,000
- ✘ C. 16,84,000
- ✔ D. 16,94,000

Q.24 एक मेट्रो स्टेशन में तीन स्वचालित दरवाजों की सिस्टम जांच क्रमशः 14 मिनट, 18 मिनट और 21 मिनट के नियमित अंतराल पर की जाती है। यदि तीनों दरवाजों की जांच शुरुआत में एक साथ की जाती है, तो कितने मिनट बाद उनकी पहली बार एक साथ पुनः जांच की जाएगी?

Ans
- ✘ A. 132 मिनट
- ✘ B. 142 मिनट
- ✘ C. 136 मिनट
- ✔ D. 126 मिनट

Q.25 एक दुकानदार एक घड़ी को 30% की छूट देने के बाद ₹840 में बेचता है। घड़ी का अंकित मूल्य (₹ में) कितना था?

Ans
- ✔ A. 1,200
- ✘ B. 1,050
- ✘ C. 1,100
- ✘ D. 1,000

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.26 एक व्यापारी 1 kg चावल बेचने का दावा करता है लेकिन वास्तव में केवल x ग्राम देता है। वह क्रय मूल्य से 20% अधिक मूल्य अंकित करता है और अंकित मूल्य पर 10% की छूट देता है। यदि उसका समग्र लाभ 25% है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. 864
✘ B. 856
✘ C. 825
✘ D. 870

Q.27 एक दुकानदार ने ₹2,850 में 7 अलंकारी लैंप खरीदे। क्षतिग्रस्त होने के कारण 2 लैंप नहीं बिक सकें। उसने शेष लैंप को ₹360 प्रति लैंप की दर से बेच दिया। उसकी कुल हानि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. ₹960
✘ B. ₹840
✘ C. ₹1,100
✔ D. ₹1,050

Q.28 निम्नलिखित आंकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए। (दशमलव के ठीक दो स्थानों तक)

| वर्ग अंतराल | 0-6 | 6-12 | 12-18 | 18-24 | 24-30 | 30-36 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 5 | 7 | 10 | 13 | 9 | 8 |

Ans
✘ A. 29.73
✔ B. 19.85
✘ C. 26.48
✘ D. 21.23

Q.29 एक दुकानदार एक ही अंकित मूल्य वाले खिलौनों पर निम्नलिखित स्कीमें प्रदान करता है-
(A) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 18% और 39% की क्रमिक छूट
(B) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 29%, 45% और 4% की क्रमिक छूट
(C) पहले 8 खिलौनों पर 29% की छूट और उसके बाद प्रत्येक खिलौने पर 31% की छूट
(D) 8 खिलौने खरीदने पर 7 खिलौने मुफ्त
एक ग्राहक 8 खिलौने खरीदना चाहती है। ऊपर दी गई स्कीमों में से कौन-सी स्कीम उसके लिए सबसे कम लाभप्रद है?

Ans
✘ A. D
✔ B. C
✘ C. A
✘ D. B

Q.30 रिया और नेहा के पास एक निश्चित धनराशि है। यदि रिया, नेहा को ₹20 देती है, तो रिया के पास नेहा की धनराशि से तीन गुना अधिक धनराशि हो जाएगी। वहीं, यदि नेहा, रिया को ₹40 देती है, तो रिया के पास नेहा की धनराशि से पांच गुना अधिक धनराशि हो जाएगी। प्रारंभ में रिया और नेहा के पास मिलाकर कुल कितनी धनराशि (₹ में) थी?

Ans
✘ A. 690
✔ B. 720
✘ C. 710
✘ D. 700

Section : **General Awareness**

Q.31 जनांकिकीय संक्रमण मॉडल के दूसरे चरण के दौरान विकासशील देशों में तीव्र जनसंख्या वृद्धि का प्राथमिक कारण क्या है?

Ans
✘ A. उच्च जन्म दर और उच्च मृत्यु दर
✘ B. निम्न जन्म दर और उच्च मृत्यु दर
✔ C. उच्च जन्म दर और घटती मृत्यु दर
✘ D. निम्न जन्म दर और निम्न मृत्यु दर

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.32 भू-आकृतिक प्रक्रियाओं के संदर्भ में ज्वालामुखी गतिविधि के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वाधिक सही है?

Ans
- ✗ A. यह केवल मौजूदा भू-आकृतियों में कमी करता है
- ✗ B. इसे संचालित होने के लिए बहते जल की आवश्यकता होती है
- ✗ C. यह वर्षा और तापमान द्वारा नियंत्रित होता है
- ✓ D. यह मुख्य रूप से भू-पर्पटी के भागों का निर्माण करता है या उन्हें ऊपर उठाता है

Q.33 भारतीय संविधान के भाग XI के अनुच्छेद 245 से 255 मुख्य रूप से केंद्र-राज्य संबंधों के किस पहलू से संबंधित हैं?

Ans
- ✓ A. विधायी संबंध
- ✗ B. प्रशासनिक संबंध
- ✗ C. वित्तीय संबंध
- ✗ D. न्यायिक संबंध

Q.34 कौन-सा शॉर्टकट, माइक्रोसॉफ्ट वर्ड या माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल में वर्तमान फाइल (current file) को सेव करता है?

Ans
- ✓ A. Ctrl + S
- ✗ B. Ctrl + V
- ✗ C. Ctrl + F
- ✗ D. Ctrl + Tab

Q.35 किस अनुसूची में ग्रामीण स्थानीय स्वशासन या पंचायती राज के निर्धारित कार्य शामिल हैं?

Ans
- ✓ A. 11वीं अनुसूची
- ✗ B. 10वीं अनुसूची
- ✗ C. 12वीं अनुसूची
- ✗ D. 9वीं अनुसूची

Q.36 2025 तक की स्थिति के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (IRENA) के आंकड़ों के आधार पर किस देश के पास विश्व में सर्वाधिक स्थापित जलविद्युत क्षमता है?

Ans
- ✗ A. ब्राज़ील
- ✗ B. कनाडा
- ✓ C. चीन
- ✗ D. संयुक्त राज्य अमेरिका

Q.37 1905 के बाद स्वदेशी आंदोलन का उद्देश्य किस प्रकार से ब्रिटिश नीतियों का विरोध करना था?

Ans
- ✗ A. स्थानीय उद्यमों को प्रतिबंधित करने वाले औपनिवेशिक कारखाना कानूनों का समर्थन करके
- ✗ B. शुल्क संबंधी रियायतों पर बातचीत करने के लिए राजनयिक परिषदों का गठन करके
- ✓ C. स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देकर और विदेशी उत्पादों को अस्वीकार करके
- ✗ D. युवाओं को संगठित रक्षा के लिए प्रशिक्षित करने हेतु सैन्य अभ्यास अपनाकर

Q.38 2017 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित अरुणा मोहंती निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. भरतनाट्यम
- ✗ B. कथकली
- ✓ C. ओडिसी
- ✗ D. मणिपुरी

Q.39 नवंबर 2025 में, सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट की मेजबानी किस शहर ने की थी?

Ans
- ✗ A. मुंबई
- ✗ B. नई दिल्ली
- ✗ C. हैदराबाद
- ✓ D. लखनऊ

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.40 फरवरी 2025 में ISRO ने कौन-सा, अपने प्रकार का प्रथम प्रोपेलेंट-प्रोडक्शन डिवाइस (first-of-its-kind propellant-production device) का अनावरण किया?

Ans
- ✗ A. ऑटोमेटेड लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट (Automated liquid oxygen plant)
- ✓ B. 10 टन का वर्टिकल प्लैनेटरी मिक्सर (10-tonne Vertical Planetary Mixer)
- ✗ C. 3D प्रिंटेड फ्यूल इंजेक्टर असेंबली (3D-printed fuel injector assembly)
- ✗ D. हॉरिजॉन्टल मिक्सिंग फैसिलिटी (Horizontal mixing facility)

Q.41 कदंब राजवंश की स्थापना गुरिल्ला युद्ध में विशेषज्ञ _______ ने की थी।

Ans
- ✓ A. मयूरसरमन (Mayurasarman)
- ✗ B. विनयादित्य (Vinayaditya)
- ✗ C. पुलकेसिन (Pulakesin)
- ✗ D. महेन्द्रवर्मन (Mahendravarman)

Q.42 राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांतों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✗ A. कोई भी नागरिक रिट याचिकाओं के माध्यम से उन्हें लागू करवा सकता है।
- ✗ B. वे निरपेक्ष हैं और किसी भी परिस्थिति में उनमें संशोधन नहीं किया जा सकता है।
- ✓ C. वे न्यायसंगत समाज की स्थापना के उद्देश्य से बनाए गए गैर-न्यायसंगत दिशानिर्देश हैं।
- ✗ D. ये न्यायालयों द्वारा मौलिक अधिकारों के रूप में प्रवर्तनीय हैं।

Q.43 विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (FEMA) को पूर्ववर्ती फेरा (FERA) कानून को प्रतिस्थापित करने के लिए 1999 में अधिनियमित किया गया था। FEMA आधिकारिक रूप से किस वर्ष लागू हुआ?

Ans
- ✗ A. 2002
- ✗ B. 1997
- ✓ C. 2000
- ✗ D. 1999

Q.44 अभिक्रिया $Na_2SO_4(aq) + BaCl_2(aq) \rightarrow BaSO_4(*) + 2NaCl(aq)$ में, (*) को प्रतिस्थापित करने वाली वास्तविक भौतिक अवस्था क्या होगी?

Ans
- ✗ A. (g)
- ✗ B. (l)
- ✗ C. (aq)
- ✓ D. (s)

Q.45 भारत में अधीनस्थ न्यायालयों में से निम्नलिखित में से किस न्यायालय को सर्वाधिक दंड देने का अधिकार प्राप्त है?

Ans
- ✓ A. सत्र न्यायालय
- ✗ B. दीवानी न्यायालय
- ✗ C. उपभोक्ता न्यायालय
- ✗ D. पारिवारिक न्यायालय

Q.46 निम्नलिखित में से किसने ब्रह्म समाज के नेता के रूप में राजा राम मोहन राय का उत्तराधिकार संभाला?

Ans
- ✗ A. केशव चंद्र सेन
- ✗ B. स्वामी विवेकानंद
- ✓ C. देवेंद्रनाथ टैगोर
- ✗ D. द्वारकानाथ टैगोर

Q.47 यदि कोई नया केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाता है, तो उसका प्रशासक कौन नियुक्त करेगा?

Ans
- ✗ A. भारत की संसद
- ✓ B. भारत के राष्ट्रपति
- ✗ C. भारत के प्रधानमंत्री
- ✗ D. निकटतम राज्य के मुख्यमंत्री

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.48 भारत अपने संविधान के तहत नागरिकता के किस मॉडल का अनुसरण करता है?

Ans
- ✗ A. तीनः स्थानीय, राज्य, राष्ट्रीय
- ✗ B. दोः राष्ट्रीय और क्षेत्रीय
- ✗ C. दोः राष्ट्रीय और राज्य
- ✓ D. एकः केवल भारतीय नागरिकता

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.49 दिसंबर 2025 में, किस देश ने आधिकारिक तौर पर भारत को पांचवीं-पीढ़ी के Su-57 स्टील्थ फाइटर जेट के स्थानीय उत्पादन के लिए प्रस्ताव दिया?

Ans
- ✓ A. रूस
- ✗ B. अमेरिका
- ✗ C. फ्रांस
- ✗ D. जापान

Q.50 एक विद्यार्थी ने देखा कि गणित के परिणाम शीघ्र दिखाई देते हैं, लेकिन मुख्य मेमोरी से डेटा लोड करने में समय लगता है। कौन-सा CPU फीचर मुख्य रूप से बार-बार उपयोग किए जाने वाले डेटा को प्रोसेसर के पास रखकर इस विलंब को कम करती है?

Ans
- ✗ A. CPU फैन
- ✗ B. इंस्ट्रक्शन सेट
- ✓ C. कैश मेमोरी
- ✗ D. एड्रेस डिकोडर

Q.51 भारत सरकार अधिनियम, 1935 में ____________ का प्रावधान किया गया था।

Ans
- ✗ A. हिंदुओं के लिए अलग निर्वाचक मंडल
- ✗ B. प्रांतों में द्वैध शासन
- ✗ C. सभी समुदायों के लिए अलग-अलग मतदाता क्षेत्र
- ✓ D. प्रांतीय स्वायत्तता और संघीय संरचना

Q.52 CPU एग्जीक्यूशन के लिए आगामी अनुदेश को किस सिस्टम कंपोनेंट (system component) से पुनः प्राप्त (retrieve) करता है?

Ans
- ✗ A. सिस्टम इनपुट बफर यूनिट (System input buffer unit)
- ✗ B. सिस्टम आउटपुट रजिस्टर (System output register)
- ✓ C. सिस्टम प्रोग्राम काउंटर (System program counter)
- ✗ D. सिस्टम सेकेंडरी मेमोरी (System secondary memory)

Q.53 हॉर्नबिल महोत्सव, जो आदिवासी संस्कृति, संगीत, नृत्य और खेलों को प्रदर्शित करने के लिए मनाया जाता है, किस भारतीय राज्य से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. मणिपुर
- ✗ B. मेघालय
- ✓ C. नागालैंड
- ✗ D. असम

Q.54 भारत सरकार द्वारा 2014 में शुरू की गई 'मेक इन इंडिया' पहल मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस पर केंद्रित है?

Ans
- ✓ A. विनिर्माण और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने पर
- ✗ B. कृषि निर्यात को बढ़ावा देने पर
- ✗ C. स्वास्थ्य-देखभाल सुविधाओं को बेहतर करने पर
- ✗ D. पर्यटन को बढ़ावा देने पर

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.55 साहित्य के लिए 2024 का नोबेल पुरस्कार, निम्नलिखित में से किसने जीता?
Ans
❌ A. हारुकी मुराकामी (Haruki Murakami)
❌ B. कैन ज़ू (Can Xue)
❌ C. जेराल्ड मुर्नेन (Gerold Murnane)
✅ D. हान कांग (Han Kang)

Q.56 विद्युत चालक पदार्थों में निम्नलिखित में से कौन-सा गुण पाया जाता है?
Ans
✅ A. निम्न प्रतिरोधकता
❌ B. उच्च प्रतिरोधकता
❌ C. कोई प्रतिरोधकता नहीं
❌ D. स्थिर प्रतिरोधकता

Q.57 निम्नलिखित में से कौन-सी भूकंपी तरंगें सबसे तीव्र होती हैं, जो पृथ्वी के भीतर ठोस और द्रव दोनों माध्यमों से होकर गमन करती हैं?
Ans
✅ A. P तरंगें
❌ B. S तरंगें
❌ C. रैले तरंगें
❌ D. पृष्ठीय तरंगें

Q.58 फरवरी 2025 में दिल्ली का मुख्यमंत्री कौन बना, जिसके साथ ही 27 वर्षों के बाद राजधानी में भारतीय जनता पार्टी की सत्ता में वापसी हुई?
Ans
❌ A. प्रवेश वर्मा
✅ B. रेखा गुप्ता
❌ C. मनीष सिसोदिया
❌ D. आतिशी मार्लेना

Q.59 भारत की राजकोषीय नीति का मुख्य उद्देश्य क्या है?
Ans
❌ A. राजकोषीय घाटा बढ़ाना
✅ B. आर्थिक वृद्धि और स्थिरता
❌ C. विदेशी व्यापार कम करना
❌ D. मुद्रास्फीति बढ़ाना

Q.60 रग्बी सिक्स नेशंस चैंपियनशिप 2025 में, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड टीमों के बीच कौन-सी ट्रॉफी आयोजित की गई है?
Ans
❌ A. मिलेनियम कप
❌ B. ट्रिपल क्राउन ट्रॉफी
✅ C. कलकत्ता कप
❌ D. यूरोपीय नेशन्स ट्रॉफी

Q.61 हर्षवर्धन की बहन राज्यश्री का विवाह निम्नलिखित में से किसके साथ हुआ था?
Ans
❌ A. रुद्रसेन द्वितीय (Rudrasena II)
❌ B. देवगुप्त (Devgupta)
✅ C. ग्रहवर्मन (Grahavarman)
❌ D. शशांक (Shashanka)

Q.62 ओडिशा का कौन-सा मंदिर अपनी रथनुमा संरचना के लिए प्रसिद्ध है और कलिंग वास्तुकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है?
Ans
❌ A. जगन्नाथ मंदिर
❌ B. लिंगराज मंदिर
✅ C. सूर्य मंदिर
❌ D. मुक्तेश्वर मंदिर

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.63 सेवा और व्यापार निम्नलिखित में से किस प्रकार की आर्थिक गतिविधियों (economic activities) के अंतर्गत आते हैं?

Ans
- ✔ A. तृतीयक
- ✘ B. प्राथमिक
- ✘ C. द्वितीयक
- ✘ D. चतुर्थक

Q.64 2025 में, एजाइल (AGILE) इंडेक्स को वैश्विक स्तर पर निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को मापने के लिए शुरू किया गया था?

Ans
- ✘ A. पर्यावरणीय नीति निष्पादन (Environmental policy performance)
- ✘ B. वैश्विक आर्थिक प्रतिस्पर्धात्मकता (Global economic competitiveness)
- ✔ C. विभिन्न देशों में AI गवर्नेंस मूल्यांकन (AI governance evaluation across countries)
- ✘ D. डिजिटल अवसंरचना तत्परता (Digital infrastructure readiness)

Q.65 एक उपयोगकर्ता पूरे सप्ताहांत के लिए अपना लैपटॉप बिना किसी की निगरानी के छोड़ रहा है और चाहता है कि बैटरी की खपत शून्य हो और सोमवार को वापस लौटने पर वह अपने सेशन (सभी ओपन एप्लिकेशन और फ़ाइलें) को तुरंत फिर से शुरू कर सके। उसे विंडोज में कौन-सा पावर-सेविंग मोड चुनना चाहिए?

Ans
- ✘ A. शट डाउन, क्योंकि पावर खपत शून्य करने का यही एकमात्र तरीका है
- ✘ B. स्लीप (स्टैंडबाय), क्योंकि यह सेशन को RAM में बनाए रखता है ताकि इसे बहुत जल्दी फिर से शुरू किया जा सके
- ✘ C. हाइब्रिड स्लीप, क्योंकि यह सेशन को स्टोर करने के लिए RAM और हार्ड ड्राइव दोनों का उपयोग करता है
- ✔ D. हाइबरनेट, क्योंकि यह सिस्टम की संपूर्ण अवस्था को हार्ड डिस्क पर सेव करता है और पावर को पूरी तरह से बंद कर देता है

Q.66 बस्तर ओलंपिक 2025 में खेल आयोजन का शुभारंभ अक्टूबर 2025 में भारत के किस राज्य में हुआ था?

Ans
- ✘ A. मध्य प्रदेश
- ✘ B. ओडिशा
- ✘ C. झारखंड
- ✔ D. छत्तीसगढ़

Q.67 दाब को किस SI यूनिट में मापा जाता है?

Ans
- ✘ A. N/m
- ✘ B. N·m
- ✘ C. $m^2/N$
- ✔ D. $N/m^2$

Q.68 अक्टूबर 2025 में, मैक्स वर्स्टाप्पेन (Max Verstappen) ने निम्नलिखित में से किस टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 'यूनाइटेड स्टेट्स ग्रैंड प्रिक्स (United States Grand Prix)' जीती?

Ans
- ✘ A. रेसिंग बुल्स (Racing Bulls)
- ✘ B. मैकलारेन (McLaren)
- ✔ C. रेड बुल रेसिंग (Red Bull Racing)
- ✘ D. फेरारी (Ferrari)

Q.69 वायु का तापमान बढ़ने पर ध्वनि की चाल पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans
- ✘ A. यह तेजी से घट जाती है, क्योंकि वायु के अणु अत्यंत मंद गति से गमन करते हैं।
- ✘ B. यह अपरिवर्तित रहती है, क्योंकि किसी दिए गए माध्यम में चाल नियत होती है।
- ✔ C. यह बढ़ जाती है, क्योंकि वायु के अणु तेजी से गमन करते हैं।
- ✘ D. यह घट जाती है, क्योंकि वायु कम सघन हो जाता है।

Prepp Your Personal Exams Guide

Q.70 कौन-सी नदी, हिमाचल प्रदेश की कुल्लू पहाड़ियों में रोहतांग दर्रे के पश्चिम में निकलती है और राज्य की चंबा घाटी से होकर बहती है?

Ans
- ✗ A. चिनाब नदी (Chenab river)
- ✗ B. झेलम नदी (Jhelam river)
- ✗ C. व्यास नदी (Beas river)
- ✓ D. रावी नदी (Ravi river)

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.71 एक निश्चित कूट भाषा में,
A x B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A ≠ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है' और
A ₹ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है।'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'C ÷ D ≠ E ₹ L x M' है, तो C का M से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पुत्र की पत्नी की बहन
- ✗ B. पत्नी की बहन
- ✗ C. पुत्र की पत्नी
- ✓ D. माता की बहन

Q.72 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। आपको यह तय करना है कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: सभी राउटर, डोंगल हैं। सभी राउटर, फोन हैं।
निष्कर्ष (I): कुछ डोंगल, फोन हैं।
निष्कर्ष (II): सभी फोन, राउटर हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✓ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.73 शब्द WORTHLESSLY के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर-समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

Ans
- ✓ A. चार
- ✗ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✗ D. दो

Q.74 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. NOK
- ✗ B. FGC
- ✗ C. BCY
- ✓ D. LNI

Q.75 एक निश्चित तरीके से QQ 5 का संबंध VR -6 से है। उसी प्रकार, LV 12 का संबंध QW 1 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ES 16 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. YT 4
- ✗ B. UG 3
- ✓ C. JT 5
- ✗ D. RW 1

Q.76 सात व्यक्ति H, I, J, K, W, Y और Z एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। W के बाईं ओर केवल J बैठा है। J और Y के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। K और H के बीच केवल I बैठा है और K, Y का निकटतम पड़ोसी नहीं है। Z के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. दो
- ✓ B. एक भी नहीं
- ✗ C. एक
- ✗ D. तीन

Q.77 टाउन G, टाउन H के पश्चिम में है। टाउन I, टाउन G के उत्तर में है। टाउन J, टाउन I के पूर्व में है। टाउन K, टाउन J के दक्षिण में है। टाउन H, टाउन K के उत्तर-पूर्व में है। टाउन J के सापेक्ष टाउन G की स्थिति क्या है?

Ans
- ✓ A. दक्षिण-पश्चिम
- ✗ B. दक्षिण-पूर्व
- ✗ C. उत्तर-पश्चिम
- ✗ D. उत्तर-पूर्व

Q.78 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
38 55 74 95 118 ?

Ans
- ✓ A. 143
- ✗ B. 161
- ✗ C. 152
- ✗ D. 155

Q.79 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

90 91 ? 126 190 315

Ans
- ✗ A. 91
- ✗ B. 101
- ✗ C. 111
- ✓ D. 99

Q.80 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
कुछ पंखे, कार हैं।
कोई भी कार, बस नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ पंखे, बस हैं।
(II) कुछ कार, पंखे हैं।

Ans
- ✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✓ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Q.81 एक निश्चित कूट भाषा में,
A × B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A = B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A – B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है।

यदि 'S = W × R + T – Z' है, तो S का Z से क्या संबंध है?

Ans
A. पति
B. भाई ✔
C. पिता
D. पुत्र

Q.82 एक निश्चित तरीके से WT 16 का संबंध XW -1 से है। उसी प्रकार, DE 9 का संबंध EH -8 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, NK 19 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
A. NJ 7
B. ON 2 ✔
C. TY 5
D. UY 1

Q.83 उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए ,13 पर – संक्रियाएं, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(163, 186, 23)
(144, 200, 56)

Ans
A. (113, 178, 65) ✔
B. (141, 229, 98)
C. (201, 243, 43)
D. (135, 187, 62)

Q.84 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
A. UR-PW
B. XU-SY ✔
C. RO-MT
D. OL-JQ

Q.85 यदि संख्या 63145729 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
A. तीन ✔
B. चार
C. एक
D. दो

Q.86 Tus अपनी कक्षा में नीचे से 56वें स्थान पर है और ऊपर से 51वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
A. 107
B. 106 ✔
C. 105
D. 108

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.87 READING शब्द में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर-समूह में नीचे दिए गए अक्षरों में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

Ans
- ✗ A. Q
- ✗ B. M
- ✓ C. F
- ✗ D. C

Q.88 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
TGA WJD ZMG CPJ ?

Ans
- ✗ A. DPN
- ✗ B. GTC
- ✓ C. FSM
- ✗ D. ERL

Q.89 एक निश्चित कूट भाषा में, 'EUOA' को '53' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'YFMP' को '71' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'RIZB' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 58
- ✓ B. 66
- ✗ C. 56
- ✗ D. 60

Q.90 एक निश्चित कूट भाषा में, 'DOLE' को '7348' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'LEMO' को '2738' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'M' का कूट क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 8
- ✗ B. 7
- ✗ C. 3
- ✓ D. 2

Q.91 यदि '+' का अर्थ '−' है, '−' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

322 × 23 − 14 ÷ 463 + 232 = ?

Ans
- ✓ A. 427
- ✗ B. 35
- ✗ C. 760
- ✗ D. 298

Q.92 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है।

(बाएं) U L Y M R D E L C D A E H R O H F X L D W H (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

Ans
- ✓ A. दो
- ✗ B. तीन
- ✗ C. एक
- ✗ D. चार

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.93 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

MHL21 OJN29 QLP37 SNR45 ?

Ans
- ✔ A. UPT53
- ✗ B. UPS54
- ✗ C. UPS53
- ✗ D. UPT54

Q.94 यदि संख्या 5718624 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक में से 1 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. एक
- ✗ C. एक भी नहीं
- ✔ D. दो

Q.95 सात डिब्बे B, C, D, E, Q, R और S एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। R के ऊपर केवल एक डिब्बा रखा गया है। R और S के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। D और S के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। C के नीचे केवल Q को रखा गया है। B, S के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। E और Q के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. चार
- ✗ B. एक
- ✔ C. दो
- ✗ D. तीन

Q.96 छह व्यक्ति A, B, P, Q, C और D, एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। वे सभी उत्तर की ओर अभिमुख हैं। Q और D के ठीक बीच में P बैठा है। D, B के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। A, P के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। D के सापेक्ष C की स्थिति क्या है?

Ans
- ✔ A. दाएं दूसरे स्थान पर
- ✗ B. ठीक दाएं पड़ोस में
- ✗ C. बाएं दूसरे स्थान पर
- ✗ D. ठीक बाएं पड़ोस में

Q.97 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✔ A. NJK
- ✗ B. TPR
- ✗ C. VRT
- ✗ D. PLN

Q.98 सात डिब्बे M, N, O, P, X, Y और Z एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। Y नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। Y और O के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। X, Y के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। O और P के बीच केवल N रखा गया है। M, O के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। X और M के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. चार
- ✔ B. पांच
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक

Q.99 दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से किसके द्वारा प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित किए जाने पर निम्नलिखित शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?
GDK 12 NKR 23 URY 34 BYF 45 ?

Ans
- ✗ A. JEK 55
- ✓ B. IFM 56
- ✗ C. KGM 55
- ✗ D. SBU 56

Q.100 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता है।
SAID - AISD - DIAS
MODE - ODME - EDOM

Ans
- ✗ A. MIND - MNID - DNIM
- ✗ B. UGLY - GLUY - GLYU
- ✗ C. HOGS - OHGS - SOGH
- ✓ D. TONG - ONTG - GNOT

"

Prepp Your Personal Exams Guide